भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 1293

सोमवार, 11 दिसंबर, 2023/20 अग्रहायण, 1945 (शक)

राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पॉलिटेक्निक महाविद्यालय

1293. **श्री धनुष एम. कुमारः**
श्री जी. सेल्वमः

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एनएसडीएम) के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में स्थापित पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों का जिला-वार ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार का शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए वैश्विक शिक्षा प्रदाताओं के साथ सहयोग करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों को अपनाने और कार्यान्वित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) भारत सरकार के स्किल इंडिया मिशन (एसआईएम) के तहत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) तथा शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) जैसी विविध योजनाओं के तहत कौशल विकास केंद्रों/महाविद्यालयों/संस्थानों आदि के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देशभर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनःकौशल तथा अप-कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। एसआईएम का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तथा उद्योग हेतु तैयार कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाना हैं।

पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की स्थापना एक समवर्ती विषय है, जिसमें नीति निर्धारण, प्रशिक्षण मानकों, मानदंडों को बनाने की जिम्मेदीरी केंद्र सरकार की है जबकि पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खोलने मानदंडो को लागू करने और दैनंदिन प्रशासन की जिम्मेदीरी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की है। हालांकि कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई), प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) के माध्यम से केंद्रीय प्रायोजित योजना 'पॉलिटेक्निक योजना' के तहत देशभर में तमिलनाडु राज्य सहित नए पॉलिटेक्निक की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कराता है। इस योजना के अंतर्गत, राज्य में कुल 7 पॉलिटेक्निक स्थापित किए गए हैं, जैसा कि *अनुबंध* में विवरण है। विगत तीन वर्षों में राष्ट्रीय कौशल विकास मिशन (एनएसडीएम) के तहत तमिलनाडु राज्य में नए पॉलिटेक्निक महाविद्यालों की स्थापना नहीं की गई है।

(ख) तथा (ग) जी, हां। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 अंतर्राष्ट्रीयकरण पर फोकस करती है तथा दूसरी सिफारिशों के साथ, उच्च कार्य-निष्पादन वाले भारतीय विश्वविद्यालयों को दूसरे देशों में परिसर स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करती है। जांजीबार, तंजानिया में आईटीआई मद्रास के परिसर की स्थापना के लिए शिक्षा मंत्रालय (एमओई), भारत सरकार, आईटीआई मद्रास तथा जांजीबार, तंजानिया के शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय (एमओईवीटी) के बीच दिनांक 05.07.2023 को एक समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अतिरिक्त, दिनांक 15.07.2023 को अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली के परिसर की स्थापना के लिए शिक्षा मंत्रालय (एमओई), भारत सरकार, आईआईटी दिल्ली तथा शिक्षा एवं ज्ञान विभाग (संयुक्त अरब अमीरात), अबू धाबी के बीच दिनांक 05.07.2023 को एक समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

(घ) प्रौद्योगिकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए प्रौद्योगिकी संस्थान अधिनियम, 1961, के अनुसार, आईआईटीज को विश्व के किसी भी हिस्से में शैक्षिक या अन्य संस्थानों जिनके पास पूरी तरह या आंशिक रूप से संस्थान के समान वस्तुएं हैं, अध्यापकों और विद्वानों के आदान-प्रदान द्वारा तथा आमतौर पर ऐसे तरीके हैं, जो उनके सामान्य उद्देश्यों के लिए अनुकूल हैं का सहयोग करने का अधिकार है।

****

<u>अनुबंध</u>

'एनएसडीएम के तहत पॉलिटेक्निक महाविद्यालय' के संबंध में लोकसभा के दिनांक 11.12.2023 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1293 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

'पॉलिटेक्निक योजना के तहत' तमिलनाडु राज्य में स्थापित पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों का जिला-वार विवरण

(रु. करोड़ में)

क्र.सं.	**जिला**	**पॉलिटेक्निक का नाम**	**जारी किया जाने वाला सहायता अनुदान**	**जारी किया गया सहायता अनुदान**
1	धर्मपुरी	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज	12.30	12.30
2	करूर	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, कनियालमपट्टी	12.30	12.30
3	पेरम्बलूर	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज	12.30	12.30
4	थैनी	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, कोट्टूर	12.30	12.30
5	तिरुवरुर	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज, कोरुक्कई	12.30	12.30
6	तिरुवनन्नमलाई	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज	12.30	12.30
7	विलुप्पुरम	सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज	12.30	12.30
	कुल		**86.10**	**86.10**

******